झारखण्ड सरकार

# झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग,

एफ0–49/50, सेक्टर–III धुर्वा, राँची–834004.

दूरभाष सं0–0651–2440226, 2440234, 2440235 फैक्स–0651–2440226

e-mail- jharkhand_ssc@rediffmail.com

# विज्ञापन संख्या–13/2015

## फायर स्टेशन ऑफिसर प्रतियोगिता परीक्षा– 2015

1. कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्र संख्या 11/क0च0आ0–02–06/2014 का0 2910/ राँची, दिनांक– 31.03.2015 द्वारा गृह विभाग के पत्रांक– 1194 दिनांक– 03.03.2015 द्वारा संसूचित रिक्तियों के विरूद्ध नियुक्ति के लिए सुयोग्य उम्मीदवारों के चयन हेतु भारत के नागरिकों से विहित प्रपत्र में फायर स्टेशन ऑफिसर प्रतियोगिता परीक्षा– 2015 के लिये ऑनलाईन (Online)आवेदन पत्र आंमत्रित किये जाते हैं। उम्मीदवार अहर्ता अनुसार निम्नांकित शैक्षणिक योग्यता तथा निर्धारित आयु सीमा के अन्तर्गत आवेदन दे सकते है।

2. **रिक्तियों का विवरण :–**

| क्रम सं0 | सेवा का नाम | पदनाम | आरक्षण कोटि | पदों की संख्या | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | कुल | क्षैतिज आरक्षण महिला |
| **1** | **2** | **3** | **5** | **6** | **7** |
| 1 | अग्निशमन सेवा के अवर सेवा संवर्ग | फायर स्टेशन ऑफिसर | 1.अनारक्षित/सामान्य | 17 | 01 |
| | | | 2.अनुसूचित जनजाति | 08 | 0 |
| | | | 3.अनुसूचित जाति | 03 | 0 |
| | | | 4.अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–1) | 03 | 0 |
| | | | 5.पिछड़ा वर्ग (अनुसूची –2) | 02 | 0 |
| | | | **योग :–** | **33** | **01** |

3. परीक्षा के लिए आवेदन देने के पूर्व अभ्यर्थी यह सुनिश्चित हो लें कि वे विज्ञापित पद की पात्रता के विषय पर प्रकाशित सभी शर्त्तों को पूरा करते हैं। परीक्षा में बैठने की अनुमति पूर्णतः औपबन्धिक होगी। परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र निर्गत होना प्रमाणित नही करता है कि अभ्यर्थी विज्ञापित पद पर नियुक्ति के लिए चयन हेतु निर्धारित पात्रता पूरी करते हैं क्योंकि आयोग मुख्य परीक्षा के बाद अभ्यर्थियों की पात्रता से सम्बन्धित प्रमाण पत्रों की जाँच करेगा।

4. कंडिका– 2 में वर्णित पदों का वेतनमान एवं न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता निम्नवत् हैः–

| क्रम सं0 | पदनाम | वेतनमान | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | फायर स्टेशन ऑफिसर | वेतन बैंड पी0बी0II– रू0 9300–34800 ग्रेड वेतन– रू0 4200 | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विज्ञान स्नातक उत्तीण अथवा समतुल्य योग्यता। |

अन्य अर्हताएँ–

**(I) भारी वाहन चालन के लिए वैद्य ड्राइविंग लाईसेंस।**

| **शारीरिक योग्यता–** | **उँचाई** | **सीना का माप** |
|---|---|---|
| (क) अनारक्षित | 165 से0मी | 81 से0मी0 |
| (ख) पिछड़ा वर्ग/अत्यन्त पिछड़ा वर्ग | 165 से0मी0 | 81 से0मी0 |
| (ग) अनुसूचित जाति/जन–जाति | 162 से0मी0 | 79 से0मी0 |

**(II) अयोग्यता –**

(क) चश्मा पहनना/कंटेक्ट लेन्स/ वर्णअन्धता
(ख) चपटा पैर
(ग) घुटनों का आपस में सटना
(घ) शरीर के किसी अंग में टेढ़ापन/अतिरिक्त अंग होना अथवा कम होना।

5. आयु सीमाः– उम्र की गणना दिनांक– 01.08.2015 के आधार पर की जायेगी।
   1. न्यूनतम उम्र सीमा– 20 वर्ष
   2. अधिकतम उम्र सीमा :–
      **(क)** अनारक्षित – 28 वर्ष
      **(ख)** अत्यन्त पिछड़ा वर्ग अनुसूची (1) एवं पिछड़ा वर्ग अनुसूची (2)- 30 वर्ष
      **(ग)** अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति (पुरूष एवं महिला)– 33 वर्ष

6. ON LINE **आवेदन पत्र को भरना एवं जमा करना :–** ऑन–लाईन आवेदन को भरने के लिए दिए गये दिशा निदेश का अक्षरशः पालन करें। आवेदन पत्र में दी गई सूचनाओं से पूर्ण संतुष्ट होने के पश्चात ही आवेदन पत्र को जमा (Submit) करें। आवेदन पत्र भरने के लिए आयोग के वेवसाईट www.jssc.in पर जाएँ एवं Online Application for FSOCE-2015 पर Click करें तथा आवेदन पत्र भरें।

**आवेदकों को सूचित किया जाता है कि आवेदन Submit करने के पूर्व भरे गये आवेदन को ठीक से देख लें। यदि कोई त्रुटि है तो उसे सुधार कर ही आवेदन Submit करें। एक बार आवेदन Submit करने के पश्चात् परीक्षाफल को प्रभावित करने वाले किसी भी प्रविष्टि में सुधार का कोई भी दावा मान्य नहीं होगा और भरे गये आवेदन के आधार पर ही आवेदक की परीक्षा ली जायेगी।**

7. ON LINE **आवेदन पत्र भरने की तिथि**

ऑन–लाईन आवेदन भरने के लिए लिंक दिनांक 30.11.2015 के 11.00 बजे पूर्वाहन् से उपलब्ध होगा तथा आवेदन को ऑन–लाईन (Submit) करने की अन्तिम तिथि दिनांक 29.12. 2015 संध्या 05.00 बजे तक है। 29.12.2015 के बाद दिनांक 05.01.2016 तक लिंक मात्र परीक्षा शुल्क जमा करने के लिए उपलब्ध होगा। दिनांक 29.12.2015 के बाद ऑन–लाईन आवेदन का लिंक बंद कर दिया जायेगा।

8. **शारीरिक जाँच परीक्षा** :– मेधा सूची के आधार पर आरक्षण कोटिवार रिक्तियों के दो गुणी संख्या में अभ्यर्थियों को शारिरीक जाँच परीक्षा में शामिल किया जायेगा। शारिरीक जाँच परीक्षा से संबंधित विस्तृत जानकारी विवरणिका में देखी जा सकती है जो आयोग के वेवसाईट– www.jssc.in पर उपलब्ध है। लिखित परीक्षा एवं शारिरीक जाँच परीक्षा में प्राप्त कुल अंको के योग पर अंतिम मेधा सूची गठित की जायेगी।

9. **परीक्षा का स्वरूप**

1. **परीक्षा का स्वरूप एवं पाठ्यक्रम** :– परीक्षा एक चरण में ली जायेगी –
   परीक्षा में सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय उत्तर आधारित होंगे। सही उत्तर के लिए 3 (तीन) अंक दिए जायेंगे तथा प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1 (एक) अंक की कटौती की जायेगी।
2. **परीक्षा के लिये तीन पत्र होंगे** :– परीक्षा का पाठ्यक्रम, प्रश्नों की संख्या, परीक्षा अवधि से संबंधित विस्तृत जानकारी विवरणिका में देखी जा सकती है जो आयोग के वेवसाईट– www.jssc.in पर उपलब्ध है।

10. **परीक्षा शुल्कः–**

परीक्षा शुल्क रू0 460 (चार सौ साठ रूपये) है।

**परीक्षा शुल्क में छूटः–** झारखण्ड राज्य के अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों के लिये परीक्षा शुल्क रू0 115 (एक सौ पन्द्रह रूपये) है। झारखण्ड राज्य के स्थानीय निवासी अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति कोटि से इतर कोटि के अभ्यर्थियों द्वारा रियायती दर पर परीक्षा शुल्क भरे जाने की स्थिति में उनके आवेदन पत्र को रद्द करते हुए उनकी उम्मीदवारी समाप्त कर दी जा सकती है। बिना परीक्षा शुल्क भुगतान किये आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होंगे और वे रद्द किये जा सकेगें। परीक्षा शुल्क अप्रतिदेय (Non Refundable) होगा।

परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त अभ्यर्थियों को बैंक चार्ज के रूप में कुछ अतिरिक्त राशि का भुगतान भी करना होगा, जिसके संबंध में सूचना विवरणिका में उपलब्ध है।

आवेदन भरने के पूर्व अभ्यर्थी विस्तृत जानकारी हेतु इस परीक्षा से संबंधित विवरणिका अवश्य देख लें।

**ह0/–**
**परीक्षा नियंत्रक।**